# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जन जन जागरण झाँसी (उ० प्र०) दिनांक: 16 NOV 2014

## ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक

बंगरा, संवाददाता

■ संगोष्ठी में ग्रामीणों को साफ सफाई पर दिया जोर

साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक समिति बंगरा के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बगरौली में स्वच्छता संगोष्ठी एवं सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि महेश शंकर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता होना चाहिए तभी वह अपना जीवन खुशहाल बना पाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर के मुखिया का दायित्व बनता है कि अपने परिवार के सभी सदस्यों को शिक्षित एवं संस्कारिक बनाए। जिला समन्वयक छत्रपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि व्यक्ति अपनी हर समस्या के लिए कहीं-कहीं स्वयं जिम्मेवार हैं। उन्होंने स्वच्छता के विभिन्न बिन्दुओं की चर्चा करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। संगोष्ठी में ब्लाक समन्वयक लक्ष्मी प्रसाद, सोनीलाल यादव, अर्चना सिंह चौहान, लोकेन्द्र सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में श्याम सिंह चौहान, कृष्णा देवी, किरन कौशल, रवीन्द्र सिंह, राजेश नायक, अजय सिंह, बुन्देला, विनोद कुमार, हरीराम, हनुमत, प्रताप नारायन, राजेन्द्र कुमार, आशाराम, राघवेन्द्र, राजेश साहू आदि प्रेरक एवं सैकड़ा ग्रामीण वासी उपस्थित रहे। संगोष्ठी राजेश कुमार यादव प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी की अध्यक्षता एवं महेश शंकर खण्ड विकास अधिकारी बंगरा के मुख्य आतिथ्य व श्रीमती दीप सिंह चौहान बाल विकास परियोजना अधिकारी बंगरा, छत्रपाल सिंह भदौरिया जिला समन्वयक के विशिष्ट आतिथ्य में की गई। अंत में नई बस्ती बगरौली में ग्राम पंचायत भवन के आसपास सभी प्रेरकों एक अतिथियों ने फावड़ा एवं झाड़ू के साथ सफाई कार्यक्रम चलाया। सफाई कार्यक्रम अपरान्ह 2 बजे से सायंकाल 4 बजे तक चलाकर ग्रामवासियों से ग्राम को स्वच्छ बनाये रखने की अपील की।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।

# कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम **दैनिक जागरण** झाँसी (उ0 प्र0) दिनांक: 16 NOV 2014



झाँसी की शपथ लेते नागरिक, शिक्षिकाएं व छात्राएं। - जागरण

## लगाई, शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया

- दैनिक जागरण के आह्वान पर कई संगठन, स्कूल व सरकारी विभागों ने थामा स्वच्छता अभियान का दामन

**आज यहाँ चलेगा अभियान**

*बिपिन बिहारी महाविद्यालय, झाँसी तथा सहयोगी संगठन भारत विकास परिषद द्वारा प्रो. एसआर गुप्ता के नेतृत्व में 16 नवम्बर को प्रातः 9.30 बजे महाविद्यालय परिसर के साथ ही आसपास अभियान चलाया जाएगा।*

गरण द्वारा
सुरक्षित
करते ही
कड़ लिया
नकल्याण
न में जन
कर्ताओं ने
लेज की
स्वच्छता
अलग–अलग स्कूल व विभागों के कर्मचारी झाड़ू, फावड़ा,
गी का सफ़ाया करने मैदान में उतर आए।
वं ज़िला जन कल्याण महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में
तेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में जन चेतना सेवा संस्थान के दर्जनों
कन्या कॉलिज में सफ़ाई अभियान चलाया। कॉलिज की
भी झाड़ू थामकर कॉलिज परिसर एवं आसपास की सफ़ाई
वारी ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा स्वच्छता
शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर जन चेतना सेवा संस्थान
गर, प्रधानाचार्य सुषमा बजाज का विशेष सहयोग रहा।

**ये रहे उपस्थित**

जन चेतना सेवा संस्थान की ओर से दीप सिंह जादौन, केपी
राजदीप पाठक, अंजुल सोनी, रोहित यादव, नितीश तिवारी,
पाण्डेय, अमृता सिंह, रानी यादव, सरोज कुशवाहा, मीना
मंजू, कृष्णा, राजेश्वरी, गुड्डो, नीलम, मन्ना कुशवाहा तथा
की ओर से सविता साहू, डॉ. अनीता कनौजिया, ममता
, पूनम गुप्ता, इन्द्रा साहू, हेमलता, नुज़हत जहाँ, गिरिजा
थलेश सोनी, कोमल कान्ती, कल्पना वर्मा, दमयन्ती वर्मा,
खरे, अंजू चौधरी, सीमा चौहान, वन्दना गुप्ता, रुचि साहू,
सक्सेना, रोहित शर्मा, कन्हैया लाल राजपूत, रघुनाथ,
जगन्नाथ, प्रदीप कुमार, विष्णु तिवारी, सुधा पाण्डेय, विद्या,
स्थित रहीं।

कॉलनि स्थित विद्युत नगरीय खण्ड प्रथम के अधिशासी
के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एसडीओ
निगम, अवर अभियन्ता सुमन्त चतुर्वेदी समेत पूरे स्टाफ ने
काचक कर दिया।



सफ़ाई करते विद्युत विभाग के कर्मचारी।

विद्यालय भवन के बाहर की सफ़ाई की गई। लोगों से स्वच्छता रखने का आग्रह भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधा गर्दे, विजय कानड़े, पुष्पलता माथुर, ज्योति इन्दापुरकर, ऋतु मिश्रा, रेखा अग्रवाल, काजल विश्वकर्मा, काजल प्रजापति, रिया कुशवाहा, दीक्षा कुशवाहा, राशि साहनी आदि उपस्थित रहीं।

– बड़ागाँव बाहर स्थित ज्ञान स्थली बालिका इण्टर कॉलिज द्वारा प्रधानाचार्य पवनेन्द्र यादव एवं आलोक बरसैंया, सुरेन्द्र कुमार, हर्ष गाला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने अन्नपूर्णा कॉलनि में साफ़-सफ़ाई करते हुए लोगों से कॉलनि को स्वच्छ रखने की अपील की। इस अवसर पर रेनू मिश्रा, प्रताप सिंह, अर्चना निगम, सुषमा गुप्ता, भारती आदि उपस्थित रहे।

– प्रेमनगर स्थित कस्तूरबा कन्या



झाँसी : चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेतीं समिति सदस्याएं।

## स्वच्छता अभियान से जुड़े आधी आबादी के हाथ

झाँसी : देश भर में स्वच्छता अभियान ज़ोर पकड़े हुए है। इसको लेकर एक सराहनीय प्रयास श्री अग्रवाल महिला जागृति मंच के तत्वावधान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया।

सदर बाज़ार स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ समिति सदस्याओं द्वारा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका अग्रवाल ने की। प्रतियोगिता में समिति सदस्याओं व अन्य महिलाओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसका विषय था 'स्वच्छ भारत।' प्रतिभागियों ने अपने कला के हुनर को विषय के साथ गढ़कर स्वच्छ भारत से सम्बन्धित कलाकृतियाँ उकेरी। इस दौरान तारा अग्रवाल, नीलम
अग्रवाल, ममता जैन, बबीता ग
वेणु, रजनी, सविता, डॉ. विनीत
सरिता, गीता, सुधा, सुनीत
माधवी, आरती, पारूल आ
उपस्थित रहीं। अन्त में गीति
अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

**इन्होंने पहना जीत का ताज**

चित्रकला प्रतियोगिता में स
महिला प्रतिभागियों ने अप
दमखम दिखाया, और निर्णाय
मण्डल ने शुभ्रा अग्रवाल को प्रथ
साधना अग्रवाल को द्वितीय 3
रीना अग्रवाल को तृतीय विजे
चुना।

**सामने आयी छिपी प्रति**

बीते दिनों नगर में स्वच्छ
अभियान को लेकर एक 3
सक्रिय प्रयास सड़कों पर झाड़ू
साथ किया गया, तो व
अन्दर जागरूकता
उनके लिये – शेष

जिलाधिकारी झाँसी।

# कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जन सेवा मेल झाँसी।

दिनांक 16 NOV 2014


## विद्यालयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

झांसी। विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जन सामान्य से सफाई रखने व पर्यावरण को शुद्ध बनाने की अपील की।

कस्तूरबा कन्या इंका की छात्राओं ने पीएनबी नगरा व इसके आसपास के लोगों से संपर्क कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन स्कूल के विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा विद्यालय व आसपास के क्षेत्र में सफाई की। इसमें प्रधानाचार्य आनंद कुमार, लखनलाल यादव, रामकुमार महाजन, विकास लाक्षकार, जगतमोहन आदि शामिल रहे। ज्ञानस्थली बालिका इंका की छात्राओं ने अन्नपूर्णा कालोनी तक सफाई अभियान चलाया, जिसमें रेनू मिश्रा, प्रताप सिंह, अर्चना निगम, पवनेन्द्र यादव आदि शामिल रहे। महाराज बाल मन्दिर हाईस्कूल द्वारा वार्ड-32 में पार्षद रजनी सेंगर के साथ नंदनपुरा, शिवपुरी मार्ग आदि क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर सीताराम रायकवार, चन्द्रप्रकाश भारती, विनोद कुमार, वी कुमार आदि मौजूद रहे। सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर के विद्यार्थियों को प्रबंधक महेश कुमार नगाइच ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। बच्चों ने खातीबाबा रोड से गौड़ बाबा मंदिर तक सफाई की।

बिजली विभाग में अधिशासी अभियन्ता पीके सागर के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अवर अभियन्ता सुमन्त चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## पढ़ाई के साथ बच्चों की स्वच्छता पर भी दें ध्यानः रावत

रानीपुर (झांसी)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरु की 125 वीं जयंती पर प्राथमिक विद्यालय कन्या खुशीपुरा में ड्रेस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चन्द्रकांत रावत रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कैलाश इंदीवर ने की। समारोह में मुख्य अतिथि रावत ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। शिक्षक को विद्यालयों में जाकर बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी स्वच्छता तथा संस्कारों पर भी ध्यान देना चाहिए। शासन ने प्राथमिक शिक्षा के तरक्की के लिए निःशुल्क शिक्षा, निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, मिड-डे मील बैग आदि देकर गरीब निराश्रित परिवारों के बच्चों को स्कूलों में प्रवेश कराकर उन्हें शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। अब यह अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह अपने लड़के-लड़कियों को स्कूलों में भेजकर उनका नामांकन कराएं। आजादी के 60 सालों के बाद भी आज कई प्रदेशों में साक्षरता की दर काफी कम है। निरक्षरता देश के लिए अभिशाप है। अतः हम सभी को अपने बच्चे अवश्य स्कूलों में भेजना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार इंदीवर ने कहा कि स्कूलों कादूसरा नाम विद्या मंदिर है, जिस प्रकार हम भगवान की पूजा- अर्चना करने के लिए मंदिरों में जाते हैं। उसी प्रकार हमें अपने बच्चों को उनका भविष्य उज्जवल बनाने के लिये विद्या मंदिरों में भेजना चाहिए। समारोह में कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं को ड्रेस के साथ टाई, जूते, मोजे, स्वेटर भी प्रदान किये गये।

समारोह में एनपीआरसी देवरीसिंहपुरा सीताराम झां, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री पुष्पेन्द्र सिंह परिहार, कल्याण सिंह घोष, कमलापता विश्वकर्मा, शैलेंद्र सिंह, मनीष अग्रवाल, रामेश्वर प्रसाद तिवारी, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार, मोनू भदौरिया, रमाकांत झा, अंशुल बड़कुल, दिलीप चंदेरिया, पार्षद विजय कुशवाहा, प्रधानाध्यापक घनेन्द्र सिंह तोमर, सहायक अध्यापिका सरोज, कैलाश बरसैंया आदि उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार प्रधानाध्यापक घनेन्द्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।

# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम........ दैनिक राष्ट्रबोध झाँसी (उ० प्र०) दिनांक: 16 NOV 2014

## छात्राओं ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश



झांसी। आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० अंजूदत्त के निर्देशन में "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्या डा० अंजूदत्त ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वच्छता से स्वस्थ भारत की कल्पना साकार हो सकती है और राष्ट्रपिता महात्मागांधी का स्वच्छ भारत का सपना पूरा हो सकता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ० नीता शॉंडिल्य ने छात्राओं को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रांगण एवं आस-पास झाड़ू लगाकर सफाई की गयी तथा आगे भी स्वच्छता अभियान को गति प्रदान करने की शपथ ली गयी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ० अंजूदत्त, डॉ० दीप्ती भदौरिया, डॉ० संध्यासकुमारी, डॉ० रीतम सिंह, डॉ० नीता शॉंडिल्य, डॉ० ऊषा अग्रवाल, श्रीमती स्वाती भदौरिया, श्रीमती पुष्पा वर्मा, श्रीमती अपर्णा चौबे, श्रीमती सपना तथा समस्त कर्मचारी एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

वहीं आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा आज स्वच्छता अभियान के तहत सड़कों पर निकलकर सफाई की गई।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी